रेगिस्तान की सैर

लेखनः कैरोलाइन आर्नल्ड, चित्रः फ्रेया टाँज़

भाषान्तरः पूर्वा याज्ञिक कुशवाहा



रेगिस्तान की सैर

लेखनः कैरोलाइन आर्नल्ड

चित्रः फ्रेया टाँज़

भाषान्तरः पूर्वा याज्ञिक कुशवाहा

रेगिस्तान की सैर

लेखनः कैरोलाइन आर्नल्ड

चित्रः फ्रेया टाँज़

भाषान्तरः पूर्वा याज्ञिक कुशवाहा

तेज़ धूप को देखो।
सूखी हवा को महसूस करो।
वह गर्म है - बहुत ही गर्म।
हम भला कहाँ हैं?
हम रेगिस्तान में हैं।
चलो अपन सैर करते हैं, देखते हैं हमें यहाँ क्या-क्या मिलता है।



रेगिस्तान में ज़मीन बहुत ही सूखी होती है।
यहाँ लगभग कभी बरसात नहीं होती।
इतने कम पानी में
जीवों को ज़िन्दा रह पाना मुश्किल है।
फिर भी इस कठोर आबोहवा में
कई किस्म के पौधे और पशु रेगिस्तान में बसते हैं।
तुम्हें उन्हें देख पाने के लिए ध्यान देना होगा।



कैक्टस (नागफनी) एक तरह का पौधा है
जो रेगिस्तान में उगता है।
इसके पत्ते नहीं होते।
इसके कांटेदार डंठल होते हैं,
जो उन्हें उन जानवरों से बचाते हैं, जो उन्हें खाने की कोशिश करें।
नागफनी अपने डंठलों में पानी जमा करते हैं।
जब बरसात नहीं होती, नागफनी इसी पानी का इस्तेमाल करते हैं।



उस लम्बे सगुआरो को देखो।
यह एक भीमकाय कैक्टस है।
इसे इतना लम्बा होने में सालों लगते हैं।

देर बसन्त में इसमें सफेद फूल उगते हैं।
पक्षी और कीड़े इन फूलों का मीठा रस पीते हैं।
फूलों के मुरझाने के बाद इसमें लाल फल उग आते हैं।





सगुआरो नागफनी रेगिस्तान के
कई जीवों का बसेरा होता है।
कठफोड़वा ठक-ठक कर उसमें अपनी चोंच मारता है।
वह दरअसल अपने घोंसले के लिए
एक छेद बना रहा है।
पुराने छेद दूसरे पक्षियों का घर बन जाते हैं।

ऊपर जो बाज़ उड़ रहा है,
वह अपना भोजन तलाश रहा है।
उसकी पैनी आँखें ज़मीन पर एक
छोटे-से चूहे तक को देख लेती हैं।

बताओ तो इस बड़ी चिड़िया का नाम क्या है?
इसे रोड-रनर कहा जाता है।
यह कू, कू, कू की आवाज़ करती है।
रोड-रनर बिरले ही उड़ती है, पर बहुत तेज़ दौड़ सकती है।
उसे खाने के लिए एक गिरगिट का पीछा करते देखो।




वृक्ष गिरगिट
तेंदुआ गिरगिट
ये कुछ दूसरे गिरगिट हैं।
गिरगिटों को अपने पपड़ीदार शरीर को गरमाने
के लिए सूरज का ताप चाहिए होता है।
पर जब गर्मी बहुत ही तेज़ हो जाती है
वे छाया तलाशते हैं।
ज़ेब्रा गिरगिट
छोटे सींगों वाला
गिरगिट

एक रैटलस्नेक (झुनझुना साँप) एक चट्टान के पास पड़ा है।
उसके रंग ज़मीन से मेल खाते हैं, सो वह साफ़ दिखाई नहीं देता।
रैटलस्नेक ख़तरनाक होता है।
वह एक ही बार काट कर किसी छोटे पशु को मार सकता है।
अगर तुम उसे अपनी पूंछ झुनझुनाते सुनो
तो समझ लेना कि वह तुम्हें डरा कर भगाने की कोशिश कर रहा है।

उधर देखो! क्या तुमने उस चट्टान को हिलते देखा?
यह चट्टान है ही नहीं।
यह तो रेगिस्तानी कछुआ है।
कछुए का कठोर खोल उसे
दुश्मनों और तेज़ धूप से बचाता है।
यह कछुआ अपनी पैनी चोंच से
रेगिस्तान की कड़ी घास को उखाड़ता है।
कभी वह नागफनी के फल भी खाता है।





जैक-रैबिट (बड़ा मैदानी खरगोश) भी पौधे खाता है।
वह शाम की हवा को सूंघता है।
वह रेगिस्तान की आवाज़ों और गंधों
के बारे में सतर्क रहता है।
जब ख़तरा पास हो, जैकरैबिट के लम्बे
पैर उसे तेज़ी से बच भागने में मदद करते हैं।



जैसे-जैसे रात होने लगती है
रेगिस्तान की हवा ठंडी पड़ने लगती है।
तब जो जानवर दिन में छिपते या सोते हैं
वे शिकार करने या खाने बाहर निकलते हैं।
एक भूखा भेड़िया चाँद को देख, हुंआ रहा है।
क्या तुम उस किट लोमड़ी (छोटे आकार की लोमड़ी) को देख रहे हो?
उसके बड़े कान सुनने में उसकी मदद करते हैं,
ताकि वह उन पशुओं कर पीछा कर सके
जिन्हें वह खाता है।

ठंडी रात के दौरान ढ़ेरो गतिविधियाँ होती हैं।

रेगिस्तान में घूमने-देखने के लिए कई दिलचस्प स्थान हैं।
तुम गहरी खाइयों में खच्चर की सवारी कर सकते हो।



रेत के टीले पर फिसल सकते हो

नेचर सेंटर में वन-जीवन के बारे में जानें, या कांटेदार
नाशपाती के फलों से बनी मीठी जेली का स्वाद लें



तुम्हें दुनिया के कई हिस्सों में रेगिस्तान मिलेंगे।
सभी रेगिस्तान एक से नहीं होते।
कुछ बेहद गर्म होते हैं। कुछ ठंडे।
पर सभी रेगिस्तानों में बहुत ही कम पानी बरसता है।

क्या तुम उस महाद्वीप को तलाश सकते हो जिसमें तुम रहते हो?
क्या उसमें कोई रेगिस्तान है?

तुमने रेगिस्तान की सैर के दौरान क्या-क्या देखा?
तुम्हारी याद ताज़ा करने के लिए
यहाँ कुछ संकेत दिए गए हैं।
क्या तुम हरेक का नाम बता सकते हो?